दिनांक 6 मार्च 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम के कुर्की दल ने अब तक वसूले 36 लाख से अधिक की राशि, बकायेदारों से टैक्स वसूलने कुर्की दल का अभियान

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत बकायेदारों से टैक्स की राशि वसूलने के लिए कुर्की दल का गठन निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया है। यह दल प्रत्येक जोन क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में बकायेदारों से कुर्की की राशि वसूलने की कार्रवाई कर रही है। निगम ने अब तक 36 लाख से अधिक की राशि की वसूली की है। बकायेदारों को धारा 173, 174 एवं 175 के तहत कुर्की वारंट जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद टैक्स जमा नहीं करने वाले बकायेदारों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में की गई कार्रवाई में वैशाली नगर जोन क्षेत्र में कुर्की दल ने लक्ष्मी नारायण से 31706, सुखदास बंजारे से 30354, हरिशंकर से 40640, तुलाराम मस्के से 30280, डीएम सिरखन से 28000 इस प्रकार कुल 166980 की वसूली, जोन क्रमांक एक नेहरू नगर क्षेत्र अंतर्गत लोकेश चौहान प्रजापति सप्लायर्स के पास कोहका से 120960, श्रीमती रामसखी कोहका से 132672 इस प्रकार 253632 तथा जोन क्रमांक चार खुर्सीपार में आर एस मार्केट दुकान क्रमांक 52 इंदिरा से 106193, राधा कृष्ण मंदिर खुर्सीपार बलविंदर कौर से 21854, खुर्सीपार गेट के समीप इंद्रजीत केसरवानी से 35549, दुर्गेश यादव आदिवासी नगर से 48892, जय प्रकाश अग्रवाल से 101972, छोटे लाल विश्वकर्मा से 115218 इस प्रकार कुल 429678 कुर्की के माध्यम से वसूली की गई है। बकायेदारों पर कुर्की की कार्रवाई सख्ती से जारी रहेगी और टैक्स नहीं जमा करने वाले बकायेदारों की संपत्ति कुर्क करके टैक्स की राशि वसूलने की कार्यवाही की जाएगी। कुर्की दल में प्रमुख रूप से परमेश्वर चंद्राकर , बालकृष्ण नायडू, मलखान सिंह सोरी एवं अनिल मेश्राम सहित स्पैरो की टीम एवं पुलिस बल मौजूद रहे।